APP-A
Crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ......उपखण्ड अधिकारी...... मुकाम ......कोटा......

......लालचन्द...... बनाम ......सरकार......

किस्म मुकदमा ......136...... नं. ......9...... सन् ......2026......

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत रानपुर में प्रार्थी लालू की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम बन्दा पटवार हल्का धर्मपुरा में स्थित भूमि खाता संख्या 44 एवं 245 में प्रार्थी का नाम पप्पू पुत्र अर्जुन, लालराम पुत्र अर्जुन एवं सांवरिया पुत्र अर्जुन दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम लालू, लालचन्द एवं सांवरा दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रार्थी का नाम पप्पू पुत्र अर्जुन, लालराम पुत्र अर्जुन एवं सांवरिया पुत्र अर्जुन का राजस्व रिकॉर्ड में नाम पप्पू उर्फ लालू पुत्र अर्जुन, लालराम उर्फ लालचन्द पुत्र अर्जुन एवं सांवरिया उर्फ सांवरा पुत्र अर्जुन किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम बन्दा की जमाबंदी खाता संख्या 44 एवं 245 में प्रार्थी का नाम पप्पू पुत्र अर्जुन, लालराम पुत्र अर्जुन एवं सांवरिया पुत्र अर्जुन के स्थान पर पप्पू उर्फ लालू पुत्र अर्जुन, लालराम उर्फ लालचन्द पुत्र अर्जुन एवं सांवरिया उर्फ सांवरा पुत्र अर्जुन दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ......2/1/26...... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	